IBPS SO RAJBHASHA ADHIKARI PRACTICE PAPER

निर्देश(1-5) नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। गद्यांश के अनुसार, दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

आज हमारा देश विभिन्न सामाजिक समस्याओं से जूझ रहा है जिसमें बाल श्रम एक प्रमुख एवं संवेदनशील समस्या है। वर्तमान में बाल श्रम की समस्या देश के विकास में रोड़ा बन रही है। भारतीय संविधान में हमेशा से ही बाल श्रम समाप्त करने तथा बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिये आवश्यक उपाय किए जाते रहे हैं लेकिन वे सब अपर्याप्त ही रहे। आज बाल श्रम कानून को बने हुए 23 साल हो जाने के बावजूद हमारे देश में सर्वाधिक बाल मजदूर हैं। भारत सरकार के अनुसार देश में लगभग 12 लाख 60 हजार बाल मजदूर हैं। परंतु एक निजी संस्था के सर्वेक्षण के अनुसार अकेली दिल्ली में ही 70 लाख के करीब बाल मजदूर हैं।

एक अनुमान के अनुसार देश में प्रतिवर्ष 420000 बच्चे आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों में बाल श्रमिक के तौर पर कार्य करने के लिये मजबूर होते हैं। देश में सबसे दयनीय स्थिति तो बालिका मजदूरों की है, क्योंकि लड़कियों को कर्मचारियों के रूप में न देखकर केवल सहायक के रूप में देखा जाता है जिसके कारण बाल श्रम कानून भी इनकी रक्षा नहीं कर पाता। बाल श्रम का सबसे वीभत्स रूप वैश्यावृति और बंधुआ मजदूरी है। आईएलओ के अनुमान के अनुसार भारत में लगभग 350000 बाल वैश्याएं हैं।

बाल श्रम का मूल कारण गरीबी है। गरीबी के अलावा प्रभावी शिक्षा व्यवस्था का अभाव, मां - बाप की संकीर्ण मानसिकता एवं जागरूकता की कमी भी बाल श्रम को बढ़ावा देते हैं। मां - बाप अपने बच्चे को औपचारिक शिक्षा दिलाने के बजाए कम उम्र में कार्य कौशल सिखाना ज्यादा लाभप्रद समझते हैं। जिससे वो अपने परिवार की मदद कर सके। देश में सामाजिक कल्याण व्यवस्था का अभाव और आय के वैकल्पिक स्त्रोतों की कमी के कारण भी मां-बाप अपने बच्चे से मजदूरी करवाने के लिये मजबूर हैं।

वर्तमान में सरकार और विभिन्न गैर सरकारी संस्थाएं बाल श्रम को समाप्त करने का प्रयास कर रही हैं। परंतु जहन में एक सवाल यह उठता है कि यदि बाल श्रम पूर्ण रूप से समाप्त कर दिया जाए तो इन गरीब बच्चों के परिवारों का क्या होगा, क्या बच्चों की अतिरिक्त आय के बिना इनके परिवार जीवित रह पायेंगे? आईएलओ ने एक अध्ययन में पाया के परिवार की कुल आमदनी में बच्चों की आमदनी का हिस्सा 34 से 37 प्रतिशत के मध्य होता है। आईएलओ सांख्यिकी ब्यूरो के मुताबिक बच्चे का मजदूरी अथवा घरेलू उद्यमों के रूप में काम करना परिवार का आर्थिक स्तर को बनाए रखने के लिये आवश्यक है।

सरकार को बाल श्रम समाप्त करने से पहले गरीबों की जरुरतों को पूरा करना पड़ेगा क्योंकि कोई भी सरकार बिना गरीबी को समाप्त करे बाल श्रम को पूर्ण रूप से समाप्त नहीं कर सकती।

उच्च गरीबी और खराब स्कूली शिक्षा के कारण, भारत में बाल श्रम काफी प्रचलित है। बाल श्रम ग्रामीण और साथ ही शहरी क्षेत्रों में पाया जाता है। 2001 की जनगणना में 1991 में बाल मजदूरों की संख्या 11.28 मिलियन से बढ़कर 12.59 मिलियन हो गई। बच्चों में कीमती पत्थर काटने वाले क्षेत्र में श्रम का 40%

हिस्सा होता है। वे अन्य उद्योगों जैसे कि खनन, जड़ी और कढ़ाई, ढाबा, चाय के स्टालों और रेस्तरां में और घरेलू श्रम के रूप में घरों में भी कार्यरत होते हैं

अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों के अंतर्गत श्रम में लगे बच्चों को मुक्त करने के लिए सरकार के अधिकारियों और नागरिक समाज संगठनों को अग्रानुक्रमित करने की आवश्यकता है। उन्हें शोषक कामकाजी परिस्थितियों से बचाया जाना चाहिए और पर्याप्त शिक्षा के साथ समर्थित होना चाहिए। सबसे ऊपर सभी रूपों में बाल श्रम को खत्म करने के लिए एक प्रभावी नीतिगत पहल के बारे में लाने के उद्देश्य से जनमत तैयार करने की आवश्यकता है।

Q1. गद्यांश के अनुसार, किसमें हमेशा से ही बाल श्रम समाप्त करने तथा बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिये आवश्यक उपाय किए जाते रहे हैं?

(a) भारतीय समाज

(b) भारतीय संविधान

(c) भारतीय परिवेश

(d) भारतीय जनमानस

(e) इनमें से कोई नहीं

Q2. गद्यांश के अनुसार, लड़कियों को कर्मचारियों के रूप में न देखकर केवल, किसके रूप में देखा जाता है, जिसके कारण बाल श्रम कानून भी इनकी रक्षा नहीं कर पाता?

(a) सहायक

(b) नौकर

(c) मजदूर

(d) गुलाम

(e) इनमें से कोई नहीं

Q3. गद्यांश में अनुसार मां बाप अपने बच्चे को औपचारिक शिक्षा दिलाने के बजाए कम उम्र में क्या सिखाना ज्यादा लाभप्रद समझते हैं?

(a) घरेलु कार्य

(b) मजदूरी

(c) अनौपचारिक शिक्षा

(d) कार्य कौशल

(e) इनमें से कोई नहीं

Q4. आईएलओ सांख्यिकी ब्यूरो के मुताबिक बच्चे का मजदूरी अथवा घरेलू उद्यमों के रूप में काम करना परिवार के किस स्तर को बनाए रखने के लिये आवश्यक है?

(a) नैतिक

(b) आर्थिक

(c) सामाजिक

(d) धार्मिक

(e) इनमें से कोई नहीं

Q5. गद्यांश में प्रयुक्त शब्द 'वीभत्स' का कौन सा विकल्प समानार्थी अर्थ प्रस्तुत नहीं करता है?

(a) घृणित

(b) भयानक

(c) भद्र

(d) भद्दा

(e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश (06-10) नीचे दिया गया प्रत्येक वाक्य चार भागों में बांटा गया है जिन्हें (a), (b), (c), (d) विकल्प दिए गए हैं। आपको यह देखना है कि वाक्य के किसी भाग में व्याकरण, भाषा, वर्तनी, शब्दों के गलत प्रयोग या इसी तरह की कोई त्रुटी तो नहीं है। त्रुटी अगर होगी तो वाक्य के किसी एक भाग में ही होगी। उस भाग का क्रमांक ही उत्तर है। यदि वाक्य त्रुटी रहित है तो उत्तर (e) अर्थात 'त्रुटीरहित' दीजिए।

Q6. इतने दिन की (a)/ उदासी के बाद (b)/ उसके चहरे पर (c)/ आज हँसी दिखाई पड़ी है। (d)/ कोई त्रुटी नहीं (e)

Q7. देखो, यदि आप अपनी (a)/ और अपनी परिवार की (b)/ भलाई चाहते हो तो (c)/ तुरन्त यहाँ से चले जाओ। (d)/ कोई त्रुटी नहीं (e)

Q8. जब से मिठाई (a)/ घर में आई है (b)/ तभी से मिठाई खाने के लिए (c)/ रवि सत्याग्रह कर रहा है। (d)/ कोई त्रुटी नहीं (e)

Q9. घर के प्रत्येक (a)/ सदस्यों से यह (b)/ अपेक्षित है कि वे (c)/ सद्भावना से रहें । (d)/ कोई त्रुटी नहीं (e)

Q10. कामकाज कितना भी हो (a)/ लेकिन व्यक्ति को (b)/ खाना समय पर ही (c)/ खा लेना चाहिए। (d)/ कोई त्रुटी नहीं (e)

निर्देश(11-15) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो रिक्त स्थान छूटे हुए हैं और उसके पांच विकल्प सुझाए गए हैं। इनमें से कोई दो उन रिक्त स्थानों पर रख देने से वह वाक्य एक अर्थपूर्ण वाक्य बन जाता है। सही शब्द ज्ञात कर उसके विकल्प को उत्तर के रूप में अंकित कीजिए, दिए गए शब्दों में से सर्वाधिक उपयुक्त शब्दों का चयन कीजिए।

Q11. सरकार कल्याणकारी राज्य की जिम्मेवारी से भाग रही है, देश की _____ सेवाएं निजी क्षेत्र को सौंपने का काम जोरों पर है, भविष्य में पूरे देश की स्वास्थ्य सेवा ठेकेदारी _____ के हवाले हो जाएगी।

(a) शिक्षा, प्रथा

(b) स्वास्थ्य, व्यवस्था

(c) विधि, समूह

(d) सामाजिक, परंपरा

(e) इनमें से कोई नहीं

Q12. यदि क्रोध न हो तो _____ दूसरों के द्वारा पहुंचाये जाने वाले बहुत से _____ की चिरनिवृत्ति का उपाय ही न कर सके।

(a) मनुष्य, कष्टों

(b) समाज, अपमानों

(c) देवता, दुखों

(d) संसार, सुखों

(e) इनमें से कोई नहीं

Q13. मुद्रा का अपना कोई प्रयोग नहीं है उसका _____ तभी है जबकि उसके बदले में अन्य वस्तुएँ या सेवाएँ ली जा सकें, वस्तुओं और सेवाओं की मात्रा के बढ़ने-घटने के साथ-साथ _____ में भी बढ़ाव या घटाव हो सकता है।

(a) अर्थ, बाजार

(b) प्रयोजन, बिक्री

(c) लाभ, मुद्रा-प्रवाह

(d) प्रभाव, लेन-देन

(e) इनमें से कोई नहीं

Q14.विज्ञान आज के मानव जीवन का _____ एवं घनिष्ठ अंग बन गया है, मानव-जीवन का कोई भी क्षेत्र विज्ञान के अश्रुतपूर्व _____ से अछूता नहीं रहा।

(a) महत्वपूर्ण, प्रभाव

(b) अविभाज्य, अविष्कारों

(c) सहज, चमत्कारों

(d) स्वाभाविक, कार्यों

(e) इनमें से कोई नहीं

Q15. सामान्यत: ऐसा माना जाता है कि _____ अब तक के सभी आचार विचारों का जमाव है, सभी पुरानी बातें परम्परा कह दी जाती है, जबकि सत्य यह है कि परम्परा भी एक _____ प्रक्रिया की देन है।

(a) अतीत, स्थिर

(b) यथार्थ, संकुचित

(c) परम्परा, गतिशील

(d) इतिहास, धीमी

(e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश (16 से 20): नीचे दिए गए प्रत्येक परिच्छेद में कुछ रिक्त स्थान छोड़ दिए गए हैं तथा उन्हें प्रश्न संख्या से दर्शाया गया है। ये संख्याएँ परिच्छेद के नीचे मुद्रित हैं, और प्रत्येक के सामने (a), (b), (c), (d) और (e) विकल्प दिए गए हैं। इन पाँचों में से कोई एक इस रिक्त स्थान को पूरे परिच्छेद के संदर्भ में उपयुक्त ढंग से पूरा कर देता है। आपको वह विकल्प ज्ञात करना है और उसका क्रमांक ही उत्तर के रूप में दर्शाना है। आपको दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त का चयन करना है।

शहरी जीवन अनेक प्रकार की _(16)_से परिपूर्ण होता है। यहाँ भीड़ तथा शोर-शराबा अधिक होता है। यहाँ के लोग अत्याधुनिक सुविधाओं को प्रयोग करते हैं। शहरी जीवन आडंबर और सुख-सुविधाओं से युक्त होता है। यहाँ के लोग परिश्रमी होते हैं तथा हर समय व्यस्त रहते हैं। लोगों के पास पड़ोसियों, मित्रों तथा रिश्तेदारों से मिलने का कम _(17)_ होता है। हर कोई अपनी चिंता और परेशानीयों में घिरा दिखाई देता है। शहरों में कुछ लोगों के पास तो जीवन-यापन के _(18)_ साधन होते हैं परंतु कुछ लोग इतने दरिद्र होते हैं कि उन्हें गंदी बस्तियों में शरण लेनी पड़ती है। यहाँ एक तरफ आर्थिक विषमता है तो दूसरी तरफ प्रदूषण और गंदगी भी है। अधिकतर शहरों में वायु और ध्वनि प्रदूषण चरम सीमा पर है। लोगों को जल के अभाव का सामना भी करना पड़ता है। फिर भी लोग शहरों में रहना चाहते हैं क्योंकि यहाँ अच्छे शिक्षा

_(19)_ , बड़े-बड़े अस्पताल, यातायात के आधुनिक साधन एवं मनोरंजन के सभी साधन होते हैं। यहाँ _(20)_ प्राप्ति के भी अच्छे अवसर होते हैं। इस प्रकार शहरी जीवन में कुछ आराम हैं तो कुछ परेशानियाँ भी हैं।

Q16. (a) हलचलों (b) विषमताओं (c) असमानताओं

(d) समस्याओं (e) इनमें से कोई नहीं

Q17. (a) अवसर (b) विचार (c) समय

(d) प्रबंध (e) इनमें से कोई नहीं

Q18. (a) तकनीकी (b) आधुनिक (c) आवश्यक

(d) असीमित (e) इनमें से कोई नहीं

Q19. (a) साधन (b) उपकरण (c) केन्द्र

(d) विशेषज्ञ (e) इनमें से कोई नहीं

Q20. (a) प्रतिष्ठा (b) धन (c) रोजगार

(d) वेतन (e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश (21-25): निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक हिंदी शब्द दिया गया है, उसके लिए एक अंग्रेजी शब्द का चयन कीजिए, जो अर्थ की दृष्टि से हिंदी शब्द का पर्याय है।

Q21. 'अतिक्रमण'

(a) Encrochment

(b)

(c)

(d)

(e) इनमें से कोई नहीं

Q22. 'कृत्रिम'

(a)

(b)

(c) Synthetic

(d)

(e) इनमें से कोई नहीं

Q23. 'कुपोषण'

(a)

(b)

(c)

(d) Malnutrition

(e) इनमें से कोई नहीं

Q24. 'अभियुक्त'

(a)

(b)

(c) Accused

(d)

(e) इनमें से कोई नहीं

Q25. 'कोषाध्यक्ष'

(a)

(b) Treasurer

(c)

(d)

(e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश (26-30): नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक हिंदी का वाक्य दिया गया है और उसके नीचे (a), (b), (c), (d) द्वारा उस हिंदी वाक्य के चार अंग्रेजी अनुवाद जिनमें से कोई एक ही उसका सटीक और उचित अनुवाद है। आपको उसे पहचानना है और फिर उसके क्रमांक को उत्तर के रूप में दिखलाना है अगर कोई भी रुपांतर सही नहीं है, तो उत्तर (e) अर्थात 'इनमें से कोई नहीं' होगा।

Q26. घरेलु सावधि जमा का स्वत: नवीनीकरण सिस्टम द्वारा परिपक्वता पर किया जाएगा, यदि ग्राहक ने इसके विपरीत कोई निर्देश न दिया हो।

(a) The auto renewal of the fixed deposit shall be carried out by the system on maturity, where customer has not given any instruction to the contrary.

(b) on maturity, where customer has not given any instruction to the contrary the auto renewal of the fixed deposit shall be carried out.

(c) the auto renewal of the fixed deposit shall be carried out by the system on maturity, where customer has not instructed to the contrary

(d) on maturity, where customer has not given any suggestion to the contrary the auto renewal of the fixed deposit shall be carried out by the system

(e) इनमें से कोई नहीं

Q27. यदि मैं भारत का प्रधानमंत्री होता तो मैं प्रत्येक व्यक्ति को प्रसन्न कर देता।

(a) If I were the Prime Minister of India, I would make everybody happy.

(b) If I was the Prime Minister of India, I will make everybody happy.

(c) If I were the Prime Minister of India, I will have made everybody happily.

(d) If I was the Prime Minister of India, I will have made everybody happy.

(e) इनमें से कोई नहीं

Q28. हम लोगों को भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने की कोशिश करनी चाहिए।

(a) We must tried to weed out corruption.

(b) We must try to throw corruption.

(c) We should try to weed out corruption

(d) We tried to weed out corruption.

(e) इनमें से कोई नहीं

Q29. इस संसार में परोपकार के महत्व को कौन नहीं स्वीकार करेगा?

(a) Who will accept the importance of philanthropy in the world?

(b) Who shall deny the importance of philanthropy in the world?

(c) Who will not deny the importance of philanthropy in the world?

(d) Who will deny the importance of philanthropy in the world?

(e) इनमें से कोई नहीं

Q30. अनभिज्ञता और मनोवृति में कमी किसी व्यक्ति की सफलता में विशेष बाधाएँ हैं।

(a) Illiteracy and attitude are major obstacles in success of any person.

(b) Ignorance and lack of alttitude are the major obstacles in success of any person.

(c) Lack of knowledge and attitude are major problems of a successful person.

(d) ignorance and attitude are major problems is success of a person.

(e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश(31-35) निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक अंग्रेजी शब्द दिया गया है, उसके लिए एक हिंदी शब्द का चयन कीजिए, जो अर्थ की दृष्टि से अंग्रेजी शब्द का पर्याय है।

Q31. DEMURRAGE

(a) निर्देशिका

(b) नाशवान

(c) विलंब शुल्क

(d) विकलांगता

(e) इनमें से कोई नहीं

Q32. VAGUE

(a) विस्तार

(b) आगामी

(c) औपचारिक

(d) अस्पष्ट

(e) इनमें से कोई नहीं

Q33. GRIEVANCE

(a) शिकायत

(b) रियायत

(c) अवज्ञा

(d) अनुशासन

(e) इनमें से कोई नहीं

Q34. REIMBURSEMENT

(a) मार्गदर्शन

(b) सतर्कता

(c) प्रतिपूर्ति

(d) विचाराधीन

(e) इनमें से कोई नहीं

Q35. IMPARTIAL

(a) आपत्तिजनक

(b) अनिर्णीत

(c) पक्षपात

(d) निष्पक्ष

(e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश (36-40): नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक अंग्रेजी का वाक्य या वाक्य खण्ड दिया गया है और उसके नीचे (a), (b), (c), (d) द्वारा उस अंग्रेजी वाक्य के चार हिंदी अनुवाद जिनमें से कोई एक ही उसका सटीक और उचित अनुवाद है। आपको उसे पहचानना है और फिर उसके क्रमांक को उत्तर के रूप में दिखलाना है अगर कोई भी रुपांतर सही नहीं है, तो उत्तर (e) अर्थात 'इनमें से कोई नहीं' होगा।

Q36. For organizing the sports competition in Government school, the proposal had been sent to the deputy director.

(a) सरकारी स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन हेतु प्रस्ताव डिप्टी डायरेक्टर को प्रेषित किया गया है।

(b) सरकारी स्कूल में खेलकूद कार्यक्रम के आयोजन हेतु प्रस्ताव डिप्टी डायरेक्टर को प्रेषित किया गया है।

(c) सरकारी स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता के नियोजन हेतु प्रस्ताव डिप्टी डायरेक्टर को प्रेषित किया गया है।

(d) सरकारी स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन हेतु प्रस्ताव डिप्टी डायरेक्टर के पास रखा है।

(e) इनमें से कोई नहीं

Q37. It will be necessary that the call letter to the candidates must be sent under postal certificate or by registered post.

(a) यह अनिवार्य होगा कि अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र डाक प्रमाण पत्र तथा रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजे जाएंगे।

(b) यह अनिवार्य है कि विद्यार्थियों को बुलावा पत्र डाक प्रमाण पत्र अथवा रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजे जाएँ।

(c) यह अनिवार्य होगा कि अभ्यर्थियों को आमंत्रण पत्र डाक अथवा रजिस्ट्री द्वारा भेजे जाएंगे।

(d) यह अनिवार्य होगा कि अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र डाक प्रमाण पत्र अथवा रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजे जायेगें।

(e) इनमें से कोई नहीं

Q38.Under National Programme for Control of Blindness the Eyes of Government School children have been tested and the needy children were provided the spectacles.

(a) राष्ट्रीय दृष्टि निवारण नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सरकारी स्कूल के बच्चों की आँखों की जाँच की गई एवं जरूरतमंद बच्चों को चश्मे दिये गये।

(b) राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सरकारी स्कूल के बच्चों की आँखों की जाँच की गई एवं जरूरतमंद बच्चों को चश्मे दिये गये।

(c)राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के द्वारा सरकारी स्कूल के बच्चों की आँखों की जाँच की गई एवं जरूरतमंद बच्चों को चश्मे दिये गये।

(d) राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता नियंत्रण योजना के अंतर्गत सरकारी स्कूल के बच्चों की आँखों की जाँच की गई एवं जरूरतमंद बच्चों को चश्मे दिये गये।

(e) इनमें से कोई नहीं

Q39. While purchasing any items for the office the purchase officer has to ensure that procedural rules have been followed.

(a) कार्य हेतु कोई वस्तु खरीदते समय क्रय अधिकारी को यह सुनिश्चित करना है कि क्रिया विधि नियमावली का पालन किया गया है।

(b) कार्यालय हेतु कोई वस्तु खरीदते समय क्रय अधिकारी को यह सुनिश्चित करना है कि क्रिया विधि नियमावली का पालन किया गया है।

(c) कार्यालय हेतु कोई वस्तु खरीदते समय विक्रय अधिकारी को यह सुनिश्चित करना है कि क्रिया विधि नियमावली का पालन किया गया है।

(d) कार्यालय हेतु कोई वस्तु खरीदते समय क्रय अधिकारी को यह सुनिश्चित करना है कि क्रिया अवधि नियमावली का पालन किया गया है।

(e) इनमें से कोई नहीं

Q40. Government has opened the training centers for the advancement of women so that they can become self-dependent.

(a) सरकार ने महिलाओं की उन्नति के लिए परिरक्षण केंद्र खोले हैं। जिससे वे निर्भर बन सकें।

(b) सरकार ने महिलाओं की अवनति के लिए परिक्षण केंद्र खोले हैं जिससे वे आत्म निर्भर बन सकें।

(c) सरकार ने महिलाओं की उन्नति के लिए प्रशिक्षण केंद्र खोले हैं जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

(d) सरकार ने महिलाओं की उन्नति के लिए पर्यवेक्षण केंद्र खोले हैं जिससे वे निर्भर बन सकें।

(e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश(41-45) नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। गद्यांश के अनुसार, दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

धर्मनिरपेक्षता का मामला आधुनिक राष्ट्र–राज्य की न्याय–चेतना से जुड़ा है। जबकि जाति इस देश के लिए कम से कम तीन हजार वर्ष पुरानी संस्था है। जाति का भारतीय,विशेषकर हिंदू समाज पर इतना गहरा प्रभाव है कि बिना इसके हिंदुओं को अपनी पहचान अधूरी लगती है। जबकि इसी की वजह से समाज के बड़े वर्ग को कदम–कदम पर अपमानित–लांछित होना पड़ता है। विभिन्न सभ्यताओं में कार्य–विभाजन के लिए

समाज को अलग–अलग बांटने की संस्कृति रही है। वर्तमान में दुनिया–भर में केवल भारत ऐसा देश है जहां आज भी जाति का बोलबाला है। जिसके चलते बच्चे के जन्म के साथ ही तय कर दिया जाता है कि वह समाज में कौन–सा काम करने के लिए जन्मा है। इन दिनों परिस्थितियां बदली हैं। विशेषरूप से शहरों में। वहां जाति के विरुद्ध आवाजें उठने लगी हैं। मगर यह सुगबुगाहट मुख्य रूप से जातिवादी अन्याय एवं शोषण का शिकार रहे वर्गों में देखने को मिलती है। जिन वर्गों को जातीय स्तरीकरण का लाभ मिलता आया है, वे मौका मिलते ही आज भी उसके समर्थन में खड़े हो जाते हैं। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के सत्ता संभालने के बाद ऐसा स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। हाल ही में भाजपा के एक वरिष्ठ नेता का बयान देखा। उनके अनुसार जाति ठीक, जातिवाद बुरा है। उनके कहने का आशय है कि जाति भले बनी रहे, परंतु जातिवाद जाना चाहिए। यह ठीक ऐसा ही कामना है कि धर्म और धार्मिक दुराग्रह बने रहें और सांप्रदायिकता समाप्त हो जाए। लोकप्रिय राजनीति के दबाव भी जातिवाद को संरक्षित करने का काम करते हैं। हिंदुओं में जाति, सभ्यता और संस्कृति परस्पर अंतर्गुंफित हैं। इसलिए वे एक–दूसरे के गुण–दोष से भी प्रभावित होते हैं।

जातिवाद की तुलना में धर्मनिरपेक्षता आधुनिक अवधारणा है। कुछ विद्वान इसे मध्यकाल तक ले जाते हैं। अकबर आदि आरंभिक मुगल सम्राटों की यह कहकर प्रशंसा की जाती है कि वे सभी धर्मों का सम्मान करते थे। उनके राज्य में धर्म के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं था। वे किसी सीमा तक सही भी हैं। लेकिन अकबर आदि की राजनीति धार्मिक उदारता अर्थात सर्वधर्म समभाव तक सीमित थी। वह स्वयं धार्मिक था और राज्य में अनेक पद धार्मिक आधार पर सुनिश्चित थे। उसे धार्मिक रूप से उदार सम्राट तो कहा जा सकता है, धर्मनिरपेक्ष नहीं। धर्मनिरपेक्षता के लिए राज्य का लोकतांत्रिक होना आवश्यक है। एक सिद्धांत के रूप में धर्मनिरपेक्षता यूरोपीय चिंतन की देन है। इस बारे में विचित्र बात यह है कि बहुधर्मिता जो कई बार सांप्रदायिकता के रंग में रंगकर भारत के लिए विकट स्थितियां पैदा कर देती है, जैसी कोई समस्या यूरोप में न थी। वहां धर्म का एकमात्र केंद्र चर्च था। उसके दो धड़े थे—कैथोलिक और प्रोस्टेंट। दोनों के बीच संघर्ष होता रहता था।

Q41. गद्यांश के अनुसार, जातिवाद की तुलना में धर्मनिरपेक्षता कौन सी अवधारणा है?

(a) आधुनिक

(b) यथार्थवादी

(c) प्राचीन

(d) लौकिक

(e) इनमें से कोई नहीं

Q42.गद्यांश के अनुसार, सम्राट अकबर को धार्मिक रूप से उदार सम्राट तो कहा जा सकता है, लेकिन उसे क्या नहीं कहा जा सकता है?

(a) उदारवादी

(b) धार्मिक

(c) परोपकारी

(d) धर्मनिरपेक्ष

(e) इनमें से कोई नहीं

Q43. गद्यांश के अनुसार, यूरोप में धर्म का एकमात्र केंद्र क्या था?

(a) जन मानस

(b) संप्रदाय

(c) चर्च

(d) धार्मिक गुरु

(e) इनमें से कोई नहीं

Q44.गद्यांश के अनुसार धर्मनिरपेक्षता के लिए एक देश को कैसा होना आवश्यक है?

(a) समानता का अधिकार देने वाला देश

(b) आधुनिक

(c) लोकतांत्रिक

(d) आर्थिक रूप से समृद्ध

(e) इनमें से कोई नहीं

Q45. गद्यांश के अनुसार, बहुधर्मिता किसके रंग में रंगकर भारत के लिए विकट स्थितियां पैदा कर देती है?

(a) लोकतंत्र

(b) धर्म

(c) इनमें से कोई नहीं

(d) क्षेत्रवाद

(e) सांप्रदायिकता